M 10192

Reg. No. : ..............................

Name : ..................................

DON BOSCO ARTS AND SCIENCE COLLEGE LIBRARY ANGADIKADAVU B.Com

**II Semester B.A./B.Sc./B.Com./B.B.A./B.B.A.T.T.M./B.B.M./B.C.A./B.S.W. (CCSS-Regular/Supplementary/Improvement) Degree Examination, March 2011**

**HINDI (Common Course for B.Com./B.B.A./B.B.A.T.T.M./B.B.M.)**

**[2A08–1 HIN] : Communicative and Applied Hindi**

Time : 3 Hours                                                                 Weightage : 30

निर्देश : प्रस्तुत अवतरण पढकर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :                **Weightage : 1×4=4**

मैंने कोई भूल नहीं की। मैंने भय से तुम्हारी शरण नहीं माँगी। अन्त तक तुमसे टकर ली और अब वीरगति को पाकर स्वर्ग को जाता हूँ। केवल एक... केवल एक दुख मेरे साथ जाएगा।

1. इस अवतरण के संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए।

2. सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए।

3. विशेषण शब्द लिखिए।

4. वर्तमान, भूत और भविष्यत् काल के क्रियाशब्दों को अलग अलग चुनकर लिखिए।

निर्देश : समानार्थी अंग्रेजी शब्द लिखिए :                **Weightage : 1×2 bunches=2**

5. क) अभिभावक        ख) प्रतियोगिता        ग) आयोग        घ) बीमा

6. क) अनुस्मारक        ख) अर्थशास्त्र        ग) आरक्षण        घ) नारियल

P.T.O.

निर्देश : समानार्थी हिन्दी शब्द लिखिए : **Weightage : 1×2 bunches=2**

7. क) Finance Minister ख) Auditor ग) Cash घ) Clerk

8. क) Majority ख) Approval ग) Signature घ) Sponsor

निर्देश : किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : **Weightage : 4×1=4**

9. बेकारी की समस्या ।

10. पर्यावरण संरक्षण ।

11. भूमंडलीकरण ।

निर्देश : किसी **एक** खंड का अंग्रेजी या मलयालम में अनुवाद कीजिए । **Weightage : 4×1=4**

12. अब इस बात से निराश होने की आवश्यकता नहीं, कि मानव–समुदाय में अभी तक अपने वास्तविक हितों को पहचानने की योग्यता की कमी है । हमें यह भूलना नहीं चाहिए कि मानव–जाति अभी बहुत अविकसित है । सी. ई. एम. जोड ने 'सभ्यता की कहानी' नामक अपनी एक रोचक लघु कथा में इसका आकलन करते हुए बताया है कि यदि हम धरती पर प्राणी–जगत् के संपूर्ण अतीत की अवधि एक सौ वर्ष मानें तो उसमें से मानव–विकास की अवधि केवल एक महीना ही निकलेगी और उस एक महीने में से सभ्यता के नाम पर केवल सात या आठ घंटे ही होंगे ।

13. हम लोगों को प्राय: यह कहते सुनते हैं कि अधिकांश मनुष्यों में अभी तक सत्य और अहिंसा पर अडिग रहने की क्षमता पूरी तरह विकसित नहीं हो पाई है । यह बिलकुल सच है । किसीने कहा है कि हमारे समय के लोगों में शक्तियाँ तो देवताओं जैसी हैं, परन्तु उनके दिमाग स्कूली बच्चों के समान हैं । इससे पता चल जाता है कि कैसे विकसित लोग सामने लाए जाएँगे ? एक रूसी किसान ने इसी बात को अधिक अच्छी तरह स्पष्ट किया जब उसने मैक्सिम गोर्की को बताया– 'आप हवा में पंछियों की तरह उड सकते है, समुद्र में मछलियों की तरह तैर सकते हैं, लेकिन आप मनुष्य की तरह धरती पर चलना नहीं जानते ।'

निर्देश : किसी **एक** खंड का **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए : **Weightage : 4×1=4**

14. A man may usually be known by the books he reads as well as by the good company he keeps. One should always live in the best company whether it be of books or of men. A good book may be among the best of friends. It is the same today, that it always was and it will never change. It is the most patient and cheerful of companions. It does not turn its back upon us in times of distress.

15. During summer the whole of India is very hot. At that time it is very difficult to do any work. People usually go to the hill stations to escape from the heat. Kodaikanal is a popular summer resort in South India. It is situated on the Palni hills. You have to get down at Kodaikanal Road station of the Southern Railway to go to Kodaikanal. This station is between Thiruchirapalli and Madurai.

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **दस** वाक्यों में लिखिए : **Weightage : 2×1=2**

16. नई शिक्षा–नीति के बारे में शिक्षा मंत्री के साथ किसी पत्रकार का वार्तालाप प्रस्तुत कीजिए।

**निर्देश** : किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **Weightage : 4×2=8**

17. राजकमल प्रकाशन, दिल्ली के संचालक को पत्र लिखिए, जिसमें उनसे सूचीपत्र भेज देने का निवेदन हो।

18. एक दिन की छुट्टी माँगते हुए कालेज के अपने अध्यापक के नाम पत्र लिखिए।

19. अपने मोबैल फोण की चोरी होने की सूचना देते हुए स्थानीय पुलिस अधिकारी के नाम शिकायती पत्र लिखिए।

---